# पायनियर चेतना

☎ : 05947-252841

18 अगस्त 2004 e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com अंक-248

(निःस्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) सह सम्पादक : पाय० वी० डी० पाण्डे, रामनगर (अवैतनिक)

☎ : 05947-251536, 251056


## पायनियर्स का 36वां वर्ष प्रारम्भ

अगस्त 2004 में इन्टरनेशनल पायनियर्स को 36 वां वर्ष प्रारम्भ हो जायेगा। अतः अगस्त मास को स्थापना मास के रूप में मनाया जाय। कार्यक्रम की रूपरेखा शाखाये स्वयं तय करें।

राष्ट्रीय पुरस्कार (अधिवेशन में दिये जायेगें)

1. सर्वश्रेष्ठ शाखा (2003-04)
2. प्रत्येक शाखा से एक सर्वश्रेष्ठ सदस्य (जो पदाधिकारी न हो)
3. मानव सेवा पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर समाजसेवी व्यक्ति को।
4. सर्वाधिक सदस्यों की अधिवेशन में आने वाली शाखा (प्रतिशत आधार पर)
5. गोल्डन पिन (प्रत्येक नयी शाखा खुलवाने वाले सदस्य को)
6. पर्यावरण पुरस्कार।
7. एक सत्र में सर्वाधिक सदस्य बनाने वाले सदस्य को।

पुरस्कार हेतु अपना दावा प्रस्तुत करने वाली शाखायें/सदस्य अपना दावा राष्ट्रीय महासचिव के नाम 18 सितम्बर तक प्रेषित कर दें।

पुरस्कार निर्धारण समिति उन पर विचार कर अपना फैसला अधिवेशन में घोषित करेगी।

## वी. डी. शाह संयोजक मनोनीत

मुरादाबाद। राष्ट्रीय अध्यक्ष टी. राजन एवं महासचिव संजीव शर्मा ने त्रवीना रेस्टोरेन्ट पर आयोजित पायनियर्स की सभा में मुरादाबाद पायनियर्स के गठन के लिये वी.डी. शाह को संयोजक मनोनीत किया। पाय. संजीव शर्मा ने स्पष्ट किया कि मुरादाबाद में पायनियर्स की इसके अतिरिक्त अन्य कोई शाखा नहीं है। वी. डी. शाह ने आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही मुरादाबाद पायनियर्स का गठन पूर्ण हो जायेगा।

सभा की अध्यक्षता मुरादाबाद पायनियर्स के अनिल गोयल ने की। संचालन बी.डी. शाह द्वारा किया गया। सर्वसम्मति से मुरादाबाद पायनियर्स के गठन का प्रस्ताव किया गया। तत्काल 4 सदस्यों से पायनियर्स क्लब की सदस्यता ग्रहण की बी.डी. शाह, श्रुति गोयल, अंशुल शर्मा, योगेश रस्तोगी।

सभा के पश्चात हापुड़ तक रामनगर के पायनियर्स के सम्मान में जलपान का आयोजन किया गया।

## इन्टरनेशनल पायनियर्स का 34वां राष्ट्रीय सम्मेलन 2 व 3 अक्टूबर को नैनीताल में होगा

सम्भल। राष्ट्रीय अध्यक्ष टी. राजन की अध्यक्षता में महासचिव संजीव शर्मा के संचालन में आचार्य मुक्तेश हकीम इन्टर कालेज सम्भल में सम्पन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार इन्टरनेशनल पायनियर्स का 34वां राष्ट्रीय सम्मेलन नैनीताल में 2 व 3 अक्टूबर को आयोजित किया जायेगा।

नयी शाखाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। पाय0 विजेन्द्र गर्ग हापुड़ तथा सम्भल के सचिव पाय. आनन्द शर्मा ने अपनी शाखा द्वारा किये गये कार्यक्रमों से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों को अवगत कराया। सम्भल पायनियर्स द्वारा एस्कार्ट हार्ट इंस्टीट्यूट दिल्ली के सहयोग से आयोजित निःशुल्क हृदय रोग परीक्षण शिविर की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई।

राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजन के सम्बन्ध में रामनगर के पाय. राजीव अग्रवाल एवं पाय. मधुर किशोर ने अपने सुझाव दिये। एक संयोजक मंडल का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति पाय. डी.एस. विसरिया को संयोजक बनाया गया।

बैठक में हापुड़ समृद्धि के विजेन्द्र गर्ग, रामनगर पायनियर्स के मंगल सेन मित्तल, मधुर किशोर अग्रवाल, अमित गोयल, राजीव अग्रवाल हापुड़ पायनियर्स के राकेश अरोरा, प्रमोद भोला सम्भल के डी. एस. विसरिया, सलभ रस्तोगी, आनन्द शर्मा, मुकुल सक्सेना, पंकज अग्रवाल, दिल्ली के अशोक सर्राफ, जय गोपाल गुप्ता ने विचार व्यक्त किये।

## पायनियर्स दिल्ली ईस्ट का प्रतिनिधि मण्डल

रामनगर। इन्टरनेशनल पायनियर्स दिल्ली ईस्ट के अध्यक्ष कर्मवीर तायल तथा कोषाध्यक्ष मित्तल सपत्नीक रामनगर आकर संस्थापक सन्तोष महरोत्रा एवं राष्ट्रीय महासचिव संजीव शर्मा से मुलाकात की तथा अपने क्लब की प्रगति से अवगत कराया।

दोनों सदस्यों ने राष्ट्रीय कार्यालय तथा स्वामी परमानन्द पायनियर्स धर्मार्थ औषधालय का भी निरीक्षण किया तथा राष्ट्रीय कार्यालय की कार्य प्रणाली पर सन्तोष व्यक्त किया। पाय. कर्मवीर तायल एवं मित्तल ने आशा व्यक्त की कि दिल्ली में पायनियर्स क्लब शीघ्र कई नई शाखायें खुलेगी।

**15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस पर**
**हार्दिक शुभ कामनायें**
**समस्त पायनियर परिवार**

## राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन कार्यक्रम

राष्ट्रीय कार्यालय में नामंकन 10 सितम्बर तक
(100 रुपये नामांकन शुल्क के साथ)
नाम वापसी 20 सितम्बर तक
निर्वाचन (यदि आवश्यक हुआ) 3 अक्टूबर को राष्ट्रीय सम्मेलन नैनीताल में उपस्थित प्रतिनिधियों (डेलीगेट) द्वारा प्रात: 10 बजे से अधिवेशन स्थल पर

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिये वांछित योग्यता

तीन वर्ष का सदस्यता अनुभव। कम से कम 1 वर्ष का किसी शाखा का अध्यक्ष अथवा प्रधान कार्यालय का एक वर्ष पदाधिकारी रहा हो। नामांकन के समय सदस्यता क्रमांक भी लिखे।

## अधिवेशन व्यवस्था समिति

पाय. डी. एस. विसरिया
पायनियर्स क्लब सम्भल फोन : 05923-234119
पाय. प्रमोद भोला, हापुड़ फोन : 0522-23115539
पाय. विजय अग्रवाल, हापुड़
पाय. अशोक सर्राफ, दिल्ली फोन : 011-22393055
पाय. रमेश, दिल्ली फोन : 9810059183
पाय. अरविन्द सिंघल, रामनगर फोन : 251480
पाय. राजीव अग्रवाल, रामनगर फोन : 983700705

22 अगस्त को यह समिति नैनीताल पहुच कर व्यवस्था को अन्तिम रूप प्रदान करेगी। 22 अगस्त को समिति के समस्त सदस्य रामनगर पाय. धर्मार्थ होम्योपैथिक औषधालय कोसी रोड में एकत्र होगें।

## कार्यक्रम 35 वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन नैनीताल

2 अक्टूबर 2004 दोपहर 2 बजे पंजीकरण। रात्रि 8 बजे से। भोजन 3 अक्टूबर को 9 बजे चाय नाश्ता। प्रात: 11 बजे से राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन नैनीताल पहुंचने वाले प्रतिनिधियों द्वारा।

12 बजे से नये सत्र के लिये निर्वाचित प्रधान कार्यालय प्रतिनिधियों की बैठक (प्रत्येक शाखा के अध्यक्ष एवं सचिव) व प्रत्येक 10 सदस्यों पर एक नव निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी का निर्वाचन।

नोट : प्रतिनिधियों की सूची 5 सितम्बर प्रधान कार्यालय तक राष्ट्रीय महासचिव पाय. संजीव शर्मा के पास पहुंच जानी आवश्यक है। 12 बजे से नव निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारणी की शपथ ग्रहण। 2 बजे भोजन प्रतिनिधि शुल्क 150 रुपया प्रति सदस्य, छोटे बच्चे नि:शुल्क, अतिथि शुल्क 250/- प्रति सदस्य, ठहरने की व्यवस्था एवं खर्च सदस्यों/शाखाओं को स्वयं करना होगा। जो भी सदस्य अथवा शाखा व्यवस्था समिति से आवासीय व्यवस्था कराने की इच्छुक हो उन्हें पूर्ण शुल्क राष्ट्रीय कार्यालय को अग्रिम भेजना होगा।

## शाखाओं के निर्वाचन

महासचिवें पाय. संजीव शर्मा ने इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब की सभी शाखाओं के पदाधिकारियों से अनुरोध किया है शाखा के प्रत्येक सदस्य का नवीनीकरण 30 जुलाई तक हो जाना चाहिये।

प्रत्येक शाखा का निर्वाचन अगस्त मास के अन्त तक अवश्य ही हो जाना चाहिये।

नवीनीकरण सूची, नवीन चुनाव सूची, नवीन प्रधान कार्यालय प्रतिनिधि सूची 5 सितम्बर तक राष्ट्रीय महासचिव को मिल जानी चाहिये तथा उसमे निर्वाचित पदाधिकारियों के फोन नम्बर एवं ई-मेल पते अवश्य होने चाहिये ताकि राष्ट्रीय पदाधिकारी का निर्वाचन एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी का निर्वाचन समय से सम्पन्न हो सके।

सभी शाखाये अगस्त मास में कम से कम एक नयी शाखा अवश्य खोलने का प्रयत्न करे। अगस्त मास को स्थापना मास के रूप में मनाये। क्योंकि संस्था की स्थापना अगस्त में हुई है।

राष्ट्रीय अधिवेशन में समस्त शाखायें अधिक से अधिक प्रतिनिधियों के साथ आने का प्रयत्न करें।

## पल्स पोलियो में रामनगर पायनियर्स सहयोग करेगें।

रामनगर की चिकित्सा टास्क फोर्स कमेटी में इन्टरनेशनल पायनियर्स रामनगर के अध्यक्ष व सचिव को पदेन सदस्य नामित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए पाय0 राजीव अग्रवाल ने बताया कि इस समिति के एस.डी.एम. रामनगर अध्यक्ष होगें।

22 अगस्त को पल्स पोलियो अभियान के दौरान इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब रामनगर पूर्ण सहयोग करेगा। इस बैठक में सचिव पाय. सलिल गुप्ता तथा औषधालय प्रबन्धक राजीव अग्रवाल उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को गुब्बारे तथा कार्यकर्ताओं के लिये भोजन की व्यवस्था का आश्वासन दिया।

## पॉलीथीन के खिलाफ अभियान चलेगा

संभल। इंटरनेशनल पायनियर्स की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में समाजसेवी कार्यों को बढ़ाने के क्रम में 13 व 14 अक्टूबर को वृहद हार्ट चेकअप कैंप आयोजित करने तथा प्लास्टिक की थैलियों के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए जनचेतना अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

आचार्य मुक्तेश हकीम रईस इंटर कालेज में हुई बैठक में चित्रकूट कर्वी की शाखा के कार्य की सराहना की तथा कहा कि संभल शाखा ने सदस्यों की संख्या कम होते हुए भी सराहनीय कार्य किया है। लखीमपुर, खीरी व मुरादाबाद नई शाखाएं खोलने की जानकारी दी। संभल में एस्कोर्ट के चिकित्सकों की सहभागिता वाला हार्ट चेकअप कैंप 13 व 14 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें ईसीजी तथा ईको आदि की भी निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इंटरनेशनल पायनियर्स का वार्षिक अधिवेशन दो व तीन अक्तूबर को नैनीताल में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अधिवेशन का संयोजक एस. विसरिया को बनाया गया है। बैठक में मुकुल कुमार सक्सेना, आनंद शर्मा, शलभ रस्तोगी, पंकज अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोगी, अशोक सर्राफ, जोन चेयरमैन जय गोपाल, अमित गोयल, राकेश बोरा, वी.के. गर्ग, मंगल सैन मित्तल, मधुर अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, मधुर शर्मा, पारुल रस्तोगी आदि शामिल है। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष पायनियर टी. राजन ने की, संचालन राष्ट्रीय सचिव संजीव शर्मा ने किया।

## कर्वी चित्रकूट के सदस्य नैनीताल अधिवेशन में शामिल होगें

कर्वी चित्रकूट पायनियर्स के अध्यक्ष पी.डी. गुप्ता, जोनल चेयरमैन केशव शिवहरे ने आशा व्यक्त की है कि कर्वी चित्रकूट के अधिकांश सदस्य नैनीताल अधिवेशन में भाग लेगें।

## पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.के. टन्डन का स्वर्गवास



लखनऊ। इन्टरनेशनल पायनियर्स के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. सी.के. टन्डन का स्वर्गवास अपने निवास स्थान पर 6 अगस्त को प्रातः 4 बजे के लगभग ह्दय गति रुक जाने के कारण हो गया। पाय. सी. के. टन्डन 54 वर्ष के थे। सेन्ट्रल बैंक की लखनऊ शाखा में प्रबन्धक पद पर कार्यरत थे।

उनके निधन से पायनियर परिवार को अपूर्णीय क्षति हुई है। वह इन दिनों पुनः लखनऊ में पायनियर के गठन के लिये प्रयासरत थे।

उनके आकस्मिक असामयिक निधन पर समस्त पायनियर परिवार अपनी असीम सम्वेदना व्यक्त करता है तथा परम पिता परमेश्वर से निवेदन करता है कि उनके परिवार के सदस्यों को इस महान दुःख को सहने की शक्ति दे।

सी.के. टन्डन 4 वर्ष लखनऊ पायनियर्स के अध्यक्ष रहे। पाय0 मुकेश गोयल के कार्यकाल 1984 से 1985 तक 2 वर्ष राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे।

30 सितम्बर 1985 को सहकारिता भवन लखनऊ में प्रसिद्ध साहित्यकार गौरापन्त शिवानी के मुख्य आतिथ्य में 16 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में पायनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये।

22 सितम्बर 1986 में नैनीताल 17 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये। उनके नेतृत्व में 18वां राष्ट्रीय सम्मेलन हिमालयन क्लब मंसूरी में आयोजित हुआ तथा उसमें पाय. कृपाल सिंह सहाय राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये।

1989 तक उन्होंने पायनियर्स को अपना सक्रिय नेतृत्व प्रदान किया।

इस वर्ष वह बहुत प्रयत्नशील थे कि लखनऊ में पायनियर्स क्लब पुनः सक्रिय हो परन्तु ईश्वर को यह मंजूर न था।

परमपिता परमात्मा उनकी आत्मा को शक्ति प्रदान करे।

ओम शान्ति ! ओम शान्ति !! ओम शान्ति !!!




16वें राष्ट्रीय सम्मेलन, लखनऊ को सम्बोधित करते पाय. सी. के. टन्डन



Manish Sethi
Lachhman Das Sikri & Co.
Court Road
Saharanpur - U.P.

समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन UA/NTL-01/03

# इंटरनेशनलपायनियर्स

नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी एवं समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तरांचल

**सोसाइटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या- 1237/1971-72**

**इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब, रामनगर द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान (G.K.) प्रति**...

**प्रथम पुरस्कार :** कृपाल सिंह बि...
कोटद्वार रोड...
श्री गुरुनानक प...

**द्वितीय पुरस्कार :** 1. स्नेहा सती पुत्री ...म चन्द्र
चोरपानी, रामनगर
श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, कक्षा-VI
2. दीपांशी सारस्वत पुत्री एम.के. शर्मा
पर्वतीय प्लाईवुड
श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, कक्षा-VI

**तृतीय पुरस्कार:** 1. कु. प्रियंका रावत पुत्री भरत सिंह रावत
ग्राम टांडा मल्लू चिल्किया
आई.सी.ए. पब्लिक स्कूल टांडा
2. कु. अनुराधा बिष्ट पुत्री देवेन्द्र सिंह बिष्ट
शान्तीकुंज रोड नं. 2 पीरुमदारा
आई.सी.ए. पब्लिक स्कूल टांडा

**सांत्वना पुरस्कार :**

1. रितेश भट्ट पुत्र श्री एम. एम. भट्ट
ई.एस.टी.सी. कानिया, रामनगर
एम.पी. इण्टर कालेज, कक्षा-8
2. बर्णिका भट्ट पुत्री श्री एम. एम. भट्ट
ई.एस.टी.सी. कानिया, रामनगर
श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, कक्षा-6
3. कु. दुर्गा अग्रवाल पुत्री आशुतोष अग्रवाल
बजाजा लाईन, रामनगर
सरस्वती शिशु मन्दिर
4. खुशबू जैन पुत्री विजय जैन
लक्ष्मी बुक डिपो, तहसील चौक, रामनगर
श्री डी.डी. छिम्वाल पब्लिक स्कूल ढिकुली, कक्षा-10
5. जयदीप नेगी पुत्र दिगम्बर सिंह नेगी
पता-रा.उ.मा. विद्यालय ढिकुली, रामनगर
श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल कक्षा-5
6. बिन्नी पापड़ा पुत्र श्री दीवान सिंह पापड़ा
पंजाब नेशनल बैंक, रामनगर
...न्द बाल मन्दिर कक्षा-5
7. ...चन्द्र जोशी पुत्र श्री आनन्द प्रकाश जोशी
...री खताड़ी, शान्तीकुंज, गली नं. 2
...नन्द बाल मन्दिर कक्षा-7
8. पूनम पुण्डीर पुत्री श्री भगत सिंह पुण्डीर
ग्राम-टांडा मल्लू, पो.ओ. चिल्किया
आई.सी.ए. पब्लिक स्कूल टांडा कक्षा-6
9. प्रियंका रावत पुत्री श्री थान सिंह रावत
ग्राम उदयपुरी चोपड़ा, पो.ओ. पीरुमदारा
आदर्श बाल अकादमी, कक्षा-6
10. अर्पित अग्रवाल पुत्र श्री कपिल कुमार अग्रवाल
ज्वाला लाईन, रामनगर
श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल कक्षा-7

**संयोजक एवं निर्णायक मण्डल :** पाय. मंगल सैन मित्तल, पाय. बसंत जैन, पाय. राजीव अग्रवाल, पाय. विभोर जिंदल। सर्वाधिक पुरस्कार जीतने के लिये गुरुनानक पब्लिक स्कूल को बधाई, सभी विजेताओं को रामनगर पायनियर्स की हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनायें।

सभी विजेताओं को रामनगर पायनियर्स की ओर से पुरस्कृत करा जायेगा।

**अरविन्द सिंघल**
अध्यक्ष

**सलिल गुप्ता CA**
सचिव

**प्रत्येक नगर में इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब स्थापित करने के लिये**

उत्साही, कर्मठ, स्वावलम्बी, समाजसेवी मानवसेवी भावना रखने वाले व्यक्तियों से आवेदन आमन्त्रित हैं।

☎ : 05947-252841

**इन्टरनेशनल पायनियर्स**
e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com
राष्ट्रीय कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तरांचल
रजि0 संख्या 1237 स्थापित-1968

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक - सन्तोष कुमार मेहरोत्रा द्वारा इन्टरनेशनल पायनियर्स राष्ट्रीय कार्यालय के स्वामित्त्व में प्रकाशित एवं विबग्योर प्रिन्टर्स, रामनगर (नैनीताल) में मुद्रित।